# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेंल- spsrn-up@nic.in


## प्रेस-नोट, जनपद भदोही

*दिनांक- 29.08.2025*

**पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में थाना गोपीगंज व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा वाहनों से डीजल चोरी के संबंध में थाना गोपीगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 277/2025 धारा 109(1)/303(2)317(2)/317(4)बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट के अभियोग से सम्बन्धित वांछित अन्तर्जनपदीय 25000/रु0 पुरस्कार घोषित अभियुक्त को गोपीगंज बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया।**

**पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण-**

प्रार्थी पवन तिवारी पुत्र स्व0 लक्ष्मीनारायण तिवारी निवासी पिनखुना थाना ऊंज जनपद भदोही द्वारा दिनांक 11.06.2025 को डायल-112 पर सूचना दी गई की ओबीटी कंपनी के पास जीटी रोड के उत्तरी सर्विस रोड पर खड़ा ट्रक UP66 T 5367 से अज्ञात चोरों द्वारा टंकी का लॉक तोड़कर उसमें से पूरा डीजल करीब 140 लीटर निकाल लिया गया है। दिनांक 19.06.2025 को प्राप्त सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 277/2025 धारा 303(2) बीएनएस अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई प्रचलित की गई।

दिनांक 11.05.2019 को थाना कैंट जनपद प्रयागराज पर आवेदक मखदूम हसन एडवोकेट पुत्र स्व0 जियाउद्दीन निवासी ए0डी0ए0 कालोनी म्योराबाद थाना कैण्ट जनपद प्रयागराज का पुत्र मंसूर हसन उम्र लगभग 28 वर्ष हैं। दिनांक 11.5.2019 को करीब रात्रि 10.30 बजे ओला में लगी अपनी वेगनआर कार लेकर सिविल लाइन्स कहकर घर से निकला परन्तु रात भर घर नही आया। काफी ढूँढे परन्तु कुछ पता नही चला। इसके संबंध में थाना कैंट प्रयागराज पर मुकदमा अपराध संख्या 194/19 धारा 364 भादवि अभियोग पंजीकृत किया गया। दिनांक 14.05.2019 को उपरोक्त मुकदमे का अनावरण करते हुऐ अभियुक्त रजनीश यादव उर्फ साहिल यादव निवासी सिकंदरपुर बजरा थाना संदीपनघाट थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज सहित इसके 02 साथियों को अपहरण हत्या, एवं साक्ष्य छुपाने के संबंध में मु0अ0सं0 195/19 धारा 364,302,201 IPC का अभियोग पंजीकृत करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

दिनांक 14.09.2019 को साहिल उर्फ रजनीश यादव तथा उसके गैंग के सदस्यों द्वारा समाज विरोधी गतिविधियां संचालित करके गैंग लीडर स्वयं व गैंग के सदस्यों के आर्थिक भौतिक व दुनियावी लाभ के लिये अपहरण कर हत्या कर लूट जैसे जघन्य अपराध कारित करते है जिसके संबंध में थाना कैण्ट जनपद

प्रयागराज पर मु0अ0सं0 386/2019 धारा 3(1)उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की गयी।

**अभियुक्त की गिरफ्तारी का विवरण-**

**श्री अभिमन्यु मांगलिक,** पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा **श्री शुभम अग्रवाल,** अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के नेतृत्व में दिनांक 29.08.2025 को थाना गोपीगंज व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 277/2025 धारा 109(1)/303(2)317(2)/317(4)बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गोपीगंज जनपद भदोही पर वाहनों से डीजल चोरी करने वाला वांछित **अन्तर्जनपदीय 25000 हजार रु0 पुरस्कार घोषित** अभियुक्त रजनीश यादव उर्फ साहिल यादव निवासी सिकंदरपुर बजरा थाना संदीपनघाट जनपद कौशांबी उम्र 22 वर्ष को गोपीगंज बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के उपरान्त चालान माननीय न्यायालय किया गया।

**अपराध करने का तरीका-**

अभियुक्त द्वारा अपने गैंग के सदस्य के साथ समाज विरोधी गतिविधियां संचालित कर आर्थिक, भौतिक व दुनियावी लाभ के लिये चोरी व अपहरण कर हत्या करके लूट जैसे जघन्य अपराध कारित करता था।

**अभियुक्त का नाम व पता-**

1.गिरफ्तारशुदा अन्तर्जनपदीय 25000 हजार रु0 पुरस्कार घोषित रजनीश यादव उर्फ साहिल यादव निवासी सिकंदरपुर बजरा थाना संदीपनघाट जनपद कौशांबी उम्र 22 वर्ष

**अभियुक्त रजनीश यादव उर्फ साहिल यादव का अपराधिक इतिहास**

01- मु0अ0सं0 195/2019 धारा 201/302/364/394/411 भा0द0वि0 थाना कैंट जनपद प्रयागराज
02- मु0अ0सं0 197/2019 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना कैंट जनपद प्रयागराज
03- मु0अ0सं0 386/2019 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना कैंट जनपद प्रयागराज
04- मु0अ0सं0 277/2025 धारा 109(1)/303(2)317(2)/317(4)बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गोपीगंज जनपद भदोही

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**टीम I-** प्र0नि0 शैलेश कुमार राय, उ0नि0 विनोद तिवारी, का0 रामजी गौड थाना गोपीगंज जनपद भदोही पुलिस टीम

**टीम II-** नि0 श्याम बहादुर यादव प्रभारी स्वाट/सर्विलांस, मु0आ0 धीरेंद्र श्रीवास्तव, मु0आ0 हरिकेश यादव, मु0आ0 बृजेश सिंह सूर्यवंशी, मु0आ0 नागेंद्र यादव, आ0 हिमांशु सिंह, आ0 सुनिल कनौजिया

,आ0 अहम सिंह,आ0 सेराफुल हसन ,आ0 प्रत्यूष पाठक,आ00चा0 हरिओम प्रसाद एसओजी टीम, तथा हे0का0 राधेश्याम कुशवाहा, का0 गोपाल खरवार, का0 नीरज यादव, का राघवेंद्र कुशवाहा, का0 प्रिन्स भार्गव सर्विलांस सेल